# बरखेड़ी हत्याकाण्ड में 8 को उम्रकैद

## खेत पर पाईप चोरी के नाम पर की मारपीट, पुलिस को किया था गुमराह, अदालत में जुर्म कबूला

- अप्रैल 2022 में खेत पर मोटर चुराने के आरोप में की थी मारपीट से हुई थी मौत
- पुलिस को गुमराह करने रची कहानी, थाना प्रभारी को हटाने की मांग की थी

नवभारत न्यूज

**राजगढ 12 अगस्त, का. दो साल पूर्व खेत की मेढ़ पर मोटर चुराने का आरोप लगाकर एक व्यक्ति से मारपीट की गई. जिसमें उसकी पुलिस जांच के दौरान मौत हो गई थी. मामले ने काफी तूल पकड़ा था और उस समय थाना प्रभारी को हटाने की मांग भी की गई थी. आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश भी की. लेकिन न्यायालय ने दो साल चले ट्रायल के बाद 8 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी है. साथ ही 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड भी दिया है.**

मामले में फैसला तहसील न्यायालय ब्यावरा में पदस्थ चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अमजद अली द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 272/2022 में दिया है. जिसमें आरोपीगण रामराज, आजाद, लाखन, घनश्याम, भरतराम, रामबाबू, हेमराज, जगमोहन सर्व निवासी ग्राम बरखेडी थाना देहात ब्यावरा को हत्या एवं बलवा करने के आरोप में धारा 302, 147, 149 भादवि में दोषी करार दिया है. चूकि मृतक मांगीलाल की हत्या के संबंध में आम लोगों द्वारा पुलिस की कार्यवाही को ही प्रश्नगत किया जा रहा था. अभियुक्तगण द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जमानत लेने हेतु पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु होना बताया पर यह तर्क काम नही आया. सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत को केस का फैसला 6 माह में सुनाने का आदेश जारी किया था. इस हत्याकाण्ड में तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जिला अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया. 29 गवाहों का परीक्षण किया गया. कुछेक गवाहों की गवाही दो-दो तीन-तीन दिन तक भी चली. स्वयं आरोपी हेमराज की गवाही भी कोई काम नही आई. 29 गवाहों के न्यायालय में कथन कराये. धारा 302 में आजीवन कारावास और 10 हजार अर्थदंड, धारा 147 में 3 वर्ष और 2 हजार रुपए का अर्थदण्ड दिया है.

**पुलिस को गुमराह कर झूठी रिपोर्ट कराई:** अभियुक्त गणों ने मृतक मांगीलाल के साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाया और फिर डायल 100 पर सूचना देकर पुलिस बुलाई थाने पर जाकर डायल-100 के कॉलर आरोपी ने इवेंट में जानकारी दी थी.

### हाईवे पर धरना देकर की टीआई को हटाने की मांग

दूसरे दिन मृतक की मृत्यु होने पर नेशनल हाईवे क्रमांक 12 एबी रोड पर थाना देहात ब्यावरा के सामने धरने पर बैठ गये कि मृतक मांगीलाल की मृत्यु पुलिस अभिरक्षा में हुई है और तत्कालीन थाना प्रभारी देहात ब्यावरा आदित्य सोनी को हटाने की मांग की और पुलिस के खिलाफ ही 302 का प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने हेतु धरना दिया गया. तत्कालीन थाना प्रभारी देहात ब्यावरा आदित्य सोनी के विरूद्ध जांच एसडीओपी ब्यावरा द्वारा की गयी.

### पिटाई कर डायल 100 को लगाया फोन

घटना 09 अप्रैल 2022 की है. जब रात 9:30 बजे अभियुक्त रामबाबू निवासी बरखेडी ने अपने मोबाईल से डायल 100 पर सूचना दी थी कि कि मेरे खेत से सिचांई के पाईप एक व्यक्ति चोरी कर रहा था जिसे हम लोगों ने पकड लिया है. इस सूचना को डायल 100 पर इस प्रकार लेख किया गया. बरखेडी गांव में कुंए के पास मेन रोड पर चोर को पकड रखा है. सूचना पर डायल 100 ग्राम बरखेडी पहुंची और वहां से अभियुक्तगण द्वारा पकडे गये व्यक्ति मांगीलाल को थाना देहात ब्यावरा लेकर आ गई. जिसके उपरांत घनश्याम ने हमराह लाखन के साथ थाना आकर एक एनसीआर दर्ज करवाया कि मांगीलाल ने उनके खेत के पाईप तोड दिये है. मृतक मांगीलाल करीबन बारह बजे अचानक बेहोस हो गया जिसे तुरंत उपचार हेतु ब्यावरा के पंजाबी नर्सिंग होम अस्पताल और फिर रेफर उपरांत भोपाल के एलबीएस हास्पिटल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों के द्वारा मांगीलाल को मृत घोषित कर दिया. दूसरे दिन सुबह 7:30 बजे फरियादी लक्ष्मीनारायण ने देहाती मर्ग नालसी एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट इस आशय कि लेख कराई कि कल रात दिनांक 9.4.22 को 9:30 बजे गांव के सरपंच ने बताया कि मांगीलाल के साथ कुंए पर मारपीट हो रही है तो मैं कुंए पर गया तो मैने देखा कि मांगीलाल के साथ मेरे गांव के रामराज, आजाद, लाखन, घनश्याम, भरतराम, रामबाबू, हेमराज, जगमोहन, लट्ठ एवं हाथ मुक्कों से मारपीट कर रहे थे बाद में मौके पर अन्य लोग आ गये तब मृतक मांगीलाल ने बताया कि आरोपीगण ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की है जिससे मुझे सिर में पीठ पर कमर पर दोनों पुट्ठे पर एवं दोनो पैरों में चोटे आई है जिनके कारण मृतक की मृत्यु हुई है.



# उपेक्षा का शिकार पुरातत्व संग्रहालय

**सागर.** नेहरू नगर, सिद्धन बाइपास मार्ग पर स्थित जनपद का एकमात्र पुरातत्व संग्रहालय, जो प्राचीन धरोहरों का अनमोल खजाना संजोए हुए है, उपेक्षा का शिकार हो रहा है. छठवीं से बारहवीं शताब्दी की लगभग 137 दुर्लभ मूर्तियाँ यहां धूल और मकड़ी के जालों में लिपटी पड़ी हैं. कुचदों, धौरीसागर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों से प्राप्त भगवान विष्णु, नंदीश्वर, बुध एवं सप्तमातृका की मूर्तियाँ, वास्तुकट खंड और अन्य प्राचीन अवशेष यहां सुरक्षित रखे गए हैं, किंतु सफाई, रंगाई और रख-रखाव के अभाव में इनका स्वरूप बिगड़ रहा है. संग्रहालय परिसर में टूटी वॉशबेसिन, गंदगी और दरारयुक्त दीवारें व्यवस्थागत लापरवाही को उजागर करती हैं. क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी का कहना है कि संग्रहालय को जल्द ही सुधारकर पूर्ण संग्रहालय के रूप में विकसित करने की योजना पर काम हो रहा है,

# अचानक बंद कर दी वृद्धा की मासिक पेंशन

## जनसुनवाई में पहुंची महिला, लगाई गुहार, जांच के आदेश जारी



**राजगढ़ 12 अगस्त, का. जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 12 अगस्त को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम ब्राह्मण निवासी डालीबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में विधवा पेंशन योजना का लाभ मिलता था. जो अचानक बंद होने से आवेदिका को उक्तव योजना का लाभ नहीं मिल रहा है.**

कलेक्टर द्वारा आवेदक को 2 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रास के माध्यनम से प्रदान की एवं सामाजिक न्या्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. जनसुनवाई में ग्राम कोलूखेडा निवासी राजनबाई ने बताया कि आवेदक की भूमि मोहनपुरा परियोजना में आने से अभी तक आवेदक को राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है.

कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को जांच हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम बाबल्दाउ निवासी लखन सिंह राजपूत ने बताया कि सामुदायिक भवन क्षतिग्रस्तभ हो गया है. जिससे जनहानि होने की संभावना है. आवेदकों से 65 आवेदन प्राप्त हुए. समस्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया.

# अस्पताल परिसर में गंदगी के ढेर लगे

- शीतल पेयजल का स्थान बना पीकदान,
- मरीजों के पलंग पर नहीं रहते हैं चादर




नवभारत न्यूज

**खुरई 12 अगस्त. नगर पालिका विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन नगर को स्वच्छ बनाने के लिए कमर तोड़ मेहनत कर रहे हैं तो वहीं शासकीय अस्पताल के भीतर से लेकर बाहर परिसर के चारों और गंदगी का अंबार लगा रहता है, अस्पताल में भर्ती मरीज जहां स्वस्थ होने के लिए आते हैं मगर गंदगी और कचरे की वजह से स्वच्छ और स्वस्थ नहीं हो पा रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार अस्पताल के वार्डों से निकलने वाला कचरा जगह-जगह बिखरा पड़ा रहता है, दूसरी तरफ अस्पताल के मुख्य गेट के आसपास जानवरों का गोबर पड़ा रहता है, गोबर पड़ा रहने की वजह से मरीजों के परिजन रिपट रहे हैं जिस कारण वह चोटिल हो जाते हैं. जैसे ही कोई अस्पताल परिसर पहुंचता है वह जगह-जगह बिखरी पड़ी गंदगी को देखकर स्तब्ध रह जाता है. अस्पताल परिसर में फैली अव्यवस्थाए में सिर्फ गंदगी का मसला नहीं है देखा जाए तो मरीज के पलंग पर रहने वाला चादर भी नदारद रहता है, अक्सर मरीजों के पलंग पर चादर रहता ही नहीं है, जब कभी किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी का अस्पताल का दौरा होता है तब साफ, स्वच्छ चादर मरीजों के पलंग पर देखने को मिल जाते हैं.

> जानकारी के अनुसार आज जहां आम जनता को 7 दिन में 24 घंटों बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है तो दूसरी तरफ शासकीय अस्पताल के स्ट्रीट पोलो में लगी एल ईडी लाईटें दिन के उजाले में रोशनी बिखेरती रहती है, बात सिर्फ खंबों या पोलो की नहीं है बिल्डिंग में लगी लाईटें दिन के 10 बजे तक जलती रहती है. जिस कर्मचारी की ड्यूटी इन,आफ करने की है वह भी बेसुध बना रहता है.

# सावन मास में 84 वर्षों से जारी पारायण की परंपरा



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 12 अगस्त, सं. होल्कर स्टेट में देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चौक में विगत 84 वर्षों से रामायण पारायण पाठ का भव्य आयोजन होता आ रहा है.**

श्रावण मास में आयोजित रामायण पारायण में प्रतिदिन पाठ करते है. तीस दिन उपरांत दो दिवसीय आयोजन जिसमें प्रथम दिवस सत्यनारायण भगवान की कथा पं. सुरेश बिहारी नागर द्वारा द्वितीय दिवस भगवान त्रयंम्बकेश्वर महादेव की पालकी भव्यता से नगर भ्रमण पर निकाली. पालकी के साथ नन्दी, शिवलिंग, शिव-परिवार की झांकी रहती है वहीं नगर के चौपड़ा बाजार, बुधवारिया बाजार, जवाहर चौक, इंदर चौराहा, स्वामी विवेकानंद चोराहा,बस स्टैंड,गांधी बस्ती, भावसार मोहल्ला, शाहजी मोहल्ला से मंदिर परिसर पहुंचती है मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया जाता है एवं महादेव कि पुजा अर्चना करके श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करते है.

# बस डिवाइडर से टकराई, 12 यात्री घायल

- इंदौर से बकतरा जा रही शिवानी बस हादसे का शिकार
- घायल यात्रियों को सिविल अस्पताल में कराया भर्ती



नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** बसों की अंधी रफ्तार इन दिनों दुर्घटना का कारण बन रहीं हैं. जहां सोमवार को बुधनी में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी वहीं मंगलवार को दोपहर अनियंत्रित बस डिवाईडर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस बस दुर्घटना में एक दर्जन यात्री घायल बताए जा रहे हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को लगभग ढाई बजे इंदौर से बकतरा जा रही शिवानी बस क्रमांक एमपी 37 पी 1234 रेवा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर नाका पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हादसे का शिकार हो गई. बस में सवार यात्रियों की चीख पुकार मचते ही मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई. मौजूद भीड़ ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. घटना में लगभग एक दर्जन यात्रियों के घायल होने की सूचना है. पुलिस द्वारा लापरवाह वाहन चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की.

### जनजातीय ग्रामों के विकास के लिए बनेगा विजन प्लान 2030

**बैतूल.** जिले के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में सुशासन का प्रभावी सिस्टम लागू करने,इन क्षेत्रों में योजनाओं की सेचुरेशन, विकास कार्यों की जन आधारित प्लानिंग और समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है.

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली 20 पंचायत को किया सम्मानित

**बैतूल.** पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र मुलताई के तत्वावधान में जनपद पंचायत बैतूल के सभाकक्ष में 20 ग्राम पंचायत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन एवं शीर्ष 20 ग्राम पंचायत को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कृष्णा लोखण्डे, जनपद पंचायत सदस्य मुकुंदराव धोटे, पिंटु काकोड़िया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल सुश्री शिवानी राय एवं जिला पंचायत से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान के डीपीएम संदीप कुमार परिहार, जिला समन्वयक उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुश्री शिवानी राय द्वारा कहा गया कि आगे ग्राम पंचायतें 2.0 में अच्छा और बेहतर प्रयास करेंगी और श्रेष्ठ स्कोर अर्जित करेंगी. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान डीपीएम ने बताया कि पीएआई 1.0 वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लागू किया गया है.



# सड़क रिनिवल होते ही उखड़ी परत

**सारनी, 12 अगस्त. नगर पालिका क्षेत्र में 2.0 के तहत 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से कई सड़कों पर रिनिवल कोड डाला गया था.**

इसी योजना के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के सामने स्थित सड़क पर भी छह माह पूर्व रिनिवल कोड चढ़ाया गया था. लेकिन महज आधे साल में ही सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि जगह-जगह कोड उखड़ गया है और गड्ढे दिखाई देने लगे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया सामग्री और लापरवाहीपूर्वक कार्य किया गया, जिसके कारण सड़क इतनी जल्दी जर्जर हो गई. नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब करोड़ों रुपये खर्च किए गए, तो सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब क्यों है.

### वरिष्ठ नागरिक को सायबर ठगी से पुलिस ने बचाया

**बैतूल.** गंज क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक के साथ होने वाले बड़े साइबर फ्रॉड के प्रयास को थाना कोतवाली और साइबर सेल बैतूल ने त्वरित कार्रवाई और सजगता से विफल कर दिया. वरिष्ठ नागरिक अशोक कुमार जैन उम्र 70 वर्ष के मोबाइल पर फर्जी बैंक एप इंस्टॉल करवाने और ओटीपी प्राप्त करने की कोशिश की जा रही थी. खतरे को भांपते ही श्री जैन ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया. सूचना मिलते ही थाना कोतवाली प्रभारी रविकांत डेहरिया अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और साइबर सेल बैतूल से दीपेन्द्र सिंह ने तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान की. पुलिस टीम ने न केवल फर्जी एप हटवाया बल्कि श्री जैन को साइबर सुरक्षा और जागरूकता संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी.

# खाद न मिलने से किसानों ने थाम दिए वाहनों के पहिए

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा. पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान कृषि मंत्री के संसदीय क्षेत्र में खरीफ फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया व डीएपी खाद न मिलने से इंदौर-भोपाल हाईवे को किसानों ने विरोध स्वरूप जाम कर दिया.**

चक्काजाम की सूचना प्रशासनिक अमले तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत ही डबल लाख वेयर हाउस से किसानों को टोकन देना शुरू कर दिया. तब कहीं जाकर किसानों ने जाम हटाया. लेकिन घंटों कातार के बाद एक दो-दो बोरी खाद मिलने से किसानों में मायूसी देखी गई और किसान बोले की घंटों इंतजार के बाद एक-दो बोरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है. क्योंकि हमें कहीं अधिक खाद की आवश्यकता थी.



> हंगामा कर रहे किसानों को का कहना था कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा जितने भी मदद हम किसानों की जा सकती थी उतनी की जा रही है. लेकिन खाद की समस्या स्थानिक प्रशासन के हाथ में न होकर जिलाधिकारी व विधायक के हाथों में है. लेकिन बार-बार फोन करने पर न तो विधायक हमारा फोन रिसीव कर रहे हैं और न ही कलेक्टर ऐसे में हम हमारी पीड़ा किसे सुनाएं क्योंकि दोनों ही व्यक्ति जवाबदार है. लेकिन वह हमारी पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है. किसानों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है तभी तो इतने आंदोलन के बाद भी क्षेत्र में खाद की आपूर्ति नहीं हुई है.

लेकिन प्रशासन ने जाम खुलवाने के लिए प्रसाद के रूप में खाद बटवा कर किसानों के साथ छलावा किया है.

खरीफ फसल हो या रवि फसल के समय देखा जाता था कि जब फर्टिलाइजर को लेकर सरकारी एजेंसियां खाली हाथ रहती थी तब निजी एजेंसी के द्वारा किसानों की पूर्ति के लिए खाद मिल जाता था. लेकिन इस बार निजी एजेंसी ने भी इसलिए खाद नहीं मंगवाया क्योंकि उन्हें खाद के साथ नैनो डीएपी भी दिया जाता था. जो किसान खरीदने को तैयार नहीं होता था. ऐसी स्थिति में निजी व्यापारियों द्वारा जहां से भी खाद खरीदा जाता था बहा अधिक शुल्क दिया जाता था और बह अधिक दाम लेकर किसनो की पूर्ति कर दिया करते थे.

खेती

## मौसम खुलने के बाद बढ़ी उमस, फसलों के जड, तने को काटकर चट कर इल्लियां

# बारिश के बाद अब सोयाबीन की फसल पर इल्लियों का प्रकोप

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 अगस्त, का. लम्बे समय तक अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन फसल को नुकसान पहुंचा अब मौसम खुला तो उमस भरी गर्मी के कारण फसलों में इल्लियों का प्रकोप हो गया है जो फसल को चट कर रही है. एक प्रकोप दूर हुआ नहीं कि दूसरे मुसीबत ने फसलों को घेर लिया. इन हालातों को लेकर किसान खासे चिंतित है.**

विदित है कि जुलाई माह में नगर सहित आसपास क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई. कई दिनों तक बारिश का सिलसिला चलता रहा. अनवरत् बारिश ने सर्वाधिक नुकसान सोयाबीन को पहुंचाया. खेतो में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई. फसलों को नुकसान होना शुरु हो गया. बारिश का दौर थमने पर राहत की सांस ली किंतु अब उमस भरी गर्मी से फसलों में इल्लियां पनप रही है जो कि फसलों को खाकर चट करने पर तूली है. इल्ली के साथ ही बारीक मच्छरों का भी प्रकाप बना हुआ है.

जड़, तना काट रही इल्लियां- अनेक स्थानों पर सोयाबीन में फूल आने लगे है. इल्लियां पौधे के पत्ते, तना को खा रही है. प्राय: पीले कलर की इल्ली फसलों में देखी जा रही है. इल्ली फसलों को खाकर कमजोर कर रही है. पौधे की ग्रोथ रुकने लगी है. ग्राम आगर निवासी के अनुसार इल्ली के प्रकोप से फसलों को नुकसान हो रहा है, फसलों को बचाने कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है.



**तने, पत्ते को काट रही इल्ली**

इल्ली पौधे के तने, पत्ते को काट रही है. इससे प्रभावित पौधे की ग्रोथ रुक जाती है. ग्राम बारवां, आगर, धुरला, तालौड़ी, खजुरिया, खानपुरा, मोई, पगारा, पिपल्या सहित ग्रामीण क्षेत्रो में सोयाबीन फसल में इल्ली का प्रकोप बना हुआ है.

### बारिश से मिलेगी राहत

कई जगह कीटनाशक दवाओं से भी इल्ली नष्ट नहीं हो पा रही है. तेज बारिश होने पर इल्ली के प्रकोप से राहत मिल सकेगी. बरिश के तेज प्रवाह से पौधे से इल्ली झड़कर नष्ट हो जाती है. ऐसे में अब झमाझम बारिश का इंतजार हो रहा है ताकि इल्ली का प्रकोप दूर हो सके.

बारिश थमने के बाद गर्मी से इल्ली का प्रकोप होने लगा. इल्ली को लेकर जानकारी आयी है. मौके पर पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया जाकर उचित सलाह दी जा रही है.

**एन.एस. हरियाले,** वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा

### लैपटॉप चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने लैपटॉप चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को फरियादी रितेश विश्वकर्मा आ. ताकत सिंह विश्वकर्मा निवासी इंग्लिशपुरा ने लैपटॉप चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध से पूछताछ कर आरोपियों का पता लगाया गया. पुलिस ने संस्कार उर्फ चिंटू अग्रवाल आ. सोहनलाल अग्रवाल निवासी उमराव पटेल का बगीचा व स्वयं पिता हरि सिंह सूर्यवंशी निवासी ग्राम वेदाखेड़ी थाना आष्टा को गिरफ्तार कर चोरी गया.



# कांग्रेसियों ने पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

**सागर 12 अगस्त. वोटर वेरीफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन बस स्टैंड पर किया गया.**

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि विपक्षी सांसदों को को आवाज उठाने पर गिरफ्तार करना केंद्र सरकार की हिटलर शाही और तानाशाही प्रवत्ती को दर्शाता है. प्रदर्शन में मुन्ना चौबे, सुनील जैन पूर्व विधायक, अमित दुबे रामजी, मुकुल पुरोहित, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, नेता प्रतिपक्ष बाबू यादव,चक्रेश सिंघई, पप्पू गुप्ता, मुन्ना यादव, महेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष योगराज कोरी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, महेश जाटव, रमाकांत यादव,सागर साहू आदि मौजूद थे.